1:14:54 PM

कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

संख्याः– 2733 / FP/UK/ROAD/140247/2021 देहरादूनः दिनांकः 12 मई, 2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
दक्षिणी कुमांऊ वृत्त,
उत्तराखण्ड, नैनीताल।

विषयः– जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल में शहीद इन्द्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग से खनस्यूं तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.70 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः–आपका पत्रांक 2196/12–1 दिनांक 28.04.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिससे प्रश्नगत पर इस कार्यालय के पत्रांक 2038 दिनांक 22–02–2022 के क्रम में आख्या/सूचना प्रेषित की गयी है। प्रेषित की गयी सूचना अपूर्ण है। प्रकरण में निम्नानुसार बिन्दुओं पर पूर्ण सूचना उपलब्ध करायी जानी है :–

1. प्रेषित की गयी सूचना के बिन्दु संख्या–2 के अनुपालन में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भरे जाने वाला प्रपत्र भाग–2 में अभी भी हरियाली के घनत्व का उल्लेख नहीं किया गया है, जबकि प्रेषित की गयी सूचना में हरियाली का घनत्व अंकित कर दिया गया है का उल्लेख किया गया है। स्थिति स्पष्ट करें।
2. बिन्दु संख्या–4 के प्रतिउत्तर में स्पष्ट किया गया है कि ल0चौ0 के प्रमाण–पत्र व संयुक्त निरीक्षण आख्या में वन पंचायत भूमि की ल0 चौ0 को ठीक कर तदया गया है, जो कि नही किया गया है। स्थिति स्पष्ट करें।
3. बिन्दु संख्या–7 के प्रतिउत्तर में उल्लेख किया गया है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण की योजना निर्धारित दरों के अनुसार तैयार कर प्रस्ताव में संलग्न कर दी गयी है, जो नही की गयी है।

अतः उक्तानुसार बिन्दुओं पर स्थिति स्पष्ट करते हुये पूर्ण सूचना मय संलग्नकों के अपनी संस्तुति सहित ऑनलाईन एवं ऑफलाईन यथाशीघ्र इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करे, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्याः– 2733 / FP/UK/ROAD/140247/2021 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल ।
2. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, भवाली, (नैनीताल)।

(डॉ0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

Rohit PD Backup